# प्राणि उद्यान, लखनऊ में "वन्य प्राणि सप्ताह–2025"

| दिनांक | समय | कार्यक्रम | ग्रुप | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 02.10.25 | | माननीय मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह 2025 का उद्घाटन | समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को निमंत्रण | सारस प्रेक्षाग्रह (3Dऑडीटोरियम) |
| 03.10.25 | 10.00 से 11.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 10<br>(स) कक्षा 11 से 12 | बारादरी, प्राणि उद्यान |
| 03.10.25 | 10.00 से 12.00 तक | वन्यजीवों के जबड़े, नाखून, पंजों की चित्रकला प्रतियोगिता<br>Art competition of wildlife's Jaws, Claws, and Paws | (अ) कक्षा 3 से 5<br>(ब) कक्षा 6 से 8<br>(स) कक्षा 9 से 10<br>(द) कक्षा 11 से 12 | झूला पार्क, प्राणि उद्यान |
| 04.10.25 | 10.00 से 12.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित वाइल्ड लाईफ फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 2<br>(ब) कक्षा 3 से 5<br>(स) कक्षा 6 से 8<br>(द) कक्षा 9 से 10 | सारस प्रेक्षाग्रह (3Dऑडीटोरियम) प्राणि उद्यान |
| | | वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 10<br>(स) कक्षा 11 से 12 | झूला पार्क, प्राणि उद्यान |
| 05.10.25 | 10.00 से 12.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 1 से 2<br>(ब) कक्षा 3 से 5<br>(स) कक्षा 6 से 8<br>(द) कक्षा 9 से 10<br>(इ) कक्षा 11 से 12 | झूला पार्क, प्राणि उद्यान |
| | | वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 10<br>(स) कक्षा 11 से 12 | बारादरी, प्राणि उद्यान |
| 06.10.25 | 10.00 से 12.00 तक | वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता | प्रत्येक विद्यालय से 10 सदस्यीय एक टीम। | बारादरी, प्राणि उद्यान |
| | | वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 10<br>(स) कक्षा 11 से 12 | झूला पार्क, प्राणि उद्यान |
| 07.10.25 | 10.00 से 12.00तक | वन्य जीवों पर आधारित मास्क मेकिंग प्रतियोगिता | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 10<br>(स) कक्षा 11 से 12 | बारादरी, प्राणि उद्यान |
| | | वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित बेस्ट आउट आफ द वेस्ट (Best out of the waste) | (अ) कक्षा 6 से 8<br>(ब) कक्षा 9 से 10<br>(स) कक्षा 11 से 12 | झूला पार्क, प्राणि उद्यान |
| 08.10.25 | | मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण | समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निमंत्रण शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त अतिथियों हेतु | |

## दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर, 2025 (वन्य प्राणि सप्ताह) के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नियम–

### 1– वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित क्विज प्रतियोगिता

**समय पूर्वाह्न 10:00 से 11:00 बजे तक**

दिनांक **03.10.2025** को यह प्रतियोगिता वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान पर आधारित होगी।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी–

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

### 2– वन्यजीवों के जबड़े,नाखून,पंजों की चित्रकला प्रतियोगिता

**Art competition of wildlife's Jaws, Claws, and Paws** –

**समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक**

दिनांक **03.10.2025** को वन्यजीवों के जबडे,नाखून,पंजे जो उन्हें सफल शिकारी बनाते हैं पर आर्ट प्रतियोगिता (Art competition of wildlife's Jaws,Claws and Paws that makes them successful hunters.) इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।आर्ट प्रतियोगिता हेतु कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
(द) कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

### 3–वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता–

**समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक**

दिनांक **04.10.2025** को यह प्रतियोगिता वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित फैन्सी ड्रेस पर आधारित होगी। जिसमें प्रतिभागियों को वन्यजीव एवं पर्यावरण से सम्बन्धित ड्रेस पहन कर आना होगा। ड्रेस का प्रबंध प्रतिभागियों को स्वयं करना होगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्राणि उद्यान स्थित सारस प्रेक्षाग्रह (3D ऑडीटोरियम) में किया जायेगा तथा प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुतीकरण करना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।–

(अ) कक्षा 1 से 2 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(द) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी

**4— <u>वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता— समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक</u>**

दिनांक **04.10.2025** को वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ परिसर में आयोजित की जायेगी। 02 विद्यार्थी मिलकर एक रंगोली बनायेंगे। रंगोली हेतु समस्त सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

**5—<u>वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता— समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक</u>**

दिनांक **05.10.2025** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु चेहरे पर उपयोग किये जाने वाले रंग (Colours) प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। प्रतिभागी विद्यार्थियों के अध्यापकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कलर्स प्रतिभागियों के लिये नुकसानदेह न हों। प्रतिभागियों को फेस पेंटिंग हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

कक्षा 1 से 2 तक के विद्यार्थी
कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी
कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

**6— <u>वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता— समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक</u>**

दिनांक **05.10.2025** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता विद्यार्थियों द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु ड्राइंग पेपर प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गो में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

**7— <u>वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता—</u>**

**<u>समय दोपहर 10:00 से 12:00 बजे तक</u>**

दिनांक **06.10.2025** को यह कार्यक्रम वन्य जीवों एवं पर्यावरण से सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण पर आधारित होगा। प्रत्येक विद्यालय से एक ही टीम स्वीकार्य होगी तथा एक टीम में अधिकतम 10 सदस्य होंगे।प्रत्येक टीम को प्रदर्शन हेतु अधिकतम 15 मिनट का समय दिया जायेगा। इस प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी नाटक की पटकथा के अनुरूप परिधानों का उपयोग कर सकते हैं।

**नुक्कड़ नाटक का विषयः "<u>वन्यजीवन का हमारी संस्कृति एंव जिंदगी में योगदान</u>"**

**"<u>Role of wildlife in our culture and life.</u>"**

**8–वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता**
**समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक**

दिनांक **06.10.2025** को वन्य जीवों एवं पर्यावरण पर आधारित मेंहदी प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ परिसर में आयोजित की जायेगी। प्रतिभागियों को मेंहदी लगाने हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। समस्त प्रतिभागियों को मेंहदी प्रतियोगिता हेतु सामग्री स्वयं लानी होगी।यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

**9–वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मास्क मेकिंग प्रतियोगिता–**
**समय पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक**

दिनांक **07.10.2025** को वन्य जीवों पर आधारित मास्क मेकिंग प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ परिसर में आयोजित की जायेगी। सफेद या रंगीन शीट तथा कलर्स प्रतिभागियों को स्वयं लाने होंगे। मास्क प्रतिभागी को स्वयं पहन कर दिखाना होगा जो प्रतिभागी के चेहरे पर भली–भॉति फिट हो सके। मास्क पहनने हेतु रबर बैंड का प्रयोग कर सकते हैं। मास्क बनाने में उसकी स्वच्छता एंव सुंदरता का विशेष ध्यान दिया जायेगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

**10–वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित Best out of the waste प्रतियोगिता–**
**पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे तक**

दिनांक **07.10.2025** को वन्य जीव संरक्षण पर आधारित Best out of the waste प्रतियोगिता विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता हेतु Waste Material प्रतिभागियों को स्वयं लाना होगा। यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी।

(अ) कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी
(ब) कक्षा 9 से 10 तक के विद्यार्थी
(स) कक्षा 11 से 12 तक के विद्यार्थी

**11– मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण–समापन समारोह–**

दिनांक 08.10.2025 को मुख्य अतिथि द्वारा वन्य प्राणि सप्ताह का समापन एवं प्रथम पुरस्कार विजेताओं का पुरूस्कार वितरण समारोह, लखनऊ प्राणि उद्यान की व्यवस्था द्वारा लखनऊ प्राणि उद्यान परिसर में किया जायेगा।

- समस्त प्रतियोगिताओं हेतु द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरूस्कारों का वितरण प्रतियोगिता के दिन ही अपराहन 02:30 बजे प्राणि उद्यान स्थित सारस प्रेक्षाग्रह (3D ऑडिटोरियम) में किया जायेगा।

**प्रतियोगिताओं हेतु अन्य नियम–**

- समस्त प्रतियोगिताएं कार्यक्रम सूची में उल्लिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित की जायेगी। अतः प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्धारित तिथि को निर्धारित समय से आधा घन्टा पूर्व **(प्रातः 09:30)** तक अवश्य उपस्थित हो जायें।

- समस्त विद्यालय प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग में अधिकतम 02 प्रतिभागी भेज सकते हैं। समस्त प्रधानाध्यापकों को सूचित किया जाता है कि समस्त प्रतियोगिताओं के प्रत्येक वर्ग में अधिकतम 02 प्रतिभागियों की प्रविष्टि अंकित कर विद्यालय के अधिकारिक लैटर हैड पर प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाणित एंव हस्ताक्षरित प्रति 20 सितम्बर 2025 तक कार्यालय निदेशक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लखनऊ भेजना सुनिश्चित करें, उक्त तिथि के उपरान्त कोई भी प्रविष्टि स्वीकार्य नहीं होगी ।
- नुक्कड़ नाटक में प्रत्येक विद्यालय से 01 टीम स्वीकार्य होगी। **फेस पेंटिंग, रंगोली तथा मेंहदी प्रतियोगिताओं हेतु पार्टनर की व्यवस्था स्वयं करनी होगी तथा दोनों विजयी युगल को पुरूस्कृत किया जायेगा।** निर्णायक मण्डल का निर्णय निर्विवाद एवं अन्तिम होगा।
- प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग हेतु अधिकतम 4 पुरस्कार होंगे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य पुरस्कार निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ के विवेक से निर्धारित किये जा सकते हैं।
- कार्यक्रम, नियम (यदि आवश्यक समझा जाये) में परिवर्तन करने का अधिकार निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ के पास सुरक्षित रहेगा।
- वन्य प्राणि सप्ताह के कार्यक्रमों सम्बन्धित जानकारी प्राणि उद्यान के दूरभाष संख्या–0522–2239588, शिक्षाधिकारी श्री अभिषेक दुबे से **8005493607** पर एवं वेबसाइट www.lucknowzoo.com पर प्राप्त की जा सकती है। व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी निदेशक, लखनऊ प्राणि उद्यान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को अपने विद्यालय की यूनीफार्म में आना होगा तथा विद्यालय का पहचान पत्र अवश्य लाना होगा।

10/9/2025

**(अदिति शर्मा I.F.S.)**
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ